कृषि संस्कृति का जीवंत उत्सव बनेगा कृषि लोकरंग–2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तैयारियों की समीक्षा की

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में कृषि लोकरंग - 2026 आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन किसानों के जीवन, उनकी पुरा परम्पराओं और कृषि संस्कृति का जीवंत उत्सव बने. उन्होंने कहा कि जो दिन-रात अथक श्रम-साधना कर सबके उदर पोषण की चिंता करता है, उसके परिश्रम से भरे जीवन में खुशियों के सुनहरे रंग भरना हम सबका कर्तव्य है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि

लोकरंग में किसानों और आमजन की सहभागिता बढ़ाने के लिए कृषि क्विज प्रतियोगिता जैसे नवाचार किए जाएं. प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएं. प्रत्येक जिले के प्रथम विजेता को पुरस्कार के रूप में किसानों के लिए हर मौसम में उपयोगी कृषि संसाधन जैसे ट्रेक्टर आदि) एवं अन्य तरह के पुरस्कार भी दिए जा सकते हैं.

लोकरंग के दौरान किए जाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वर्ष हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे है. इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और कृषि को लाभकारी बनाने के साथ ही किसानों के जीवन में आनंद लाना भी है. इसीलिए हम सब मिलकर इस वर्ष को किसानों के आनंद के वर्ष के रूप में मनाएंगे, जिससे किसान सिर्फ आर्थिक रूप से नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी खुद को सम्मानित महसूस करें. इसके लिए लोकरंग के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा संभाग एवं जिलास्तर पर सर्व लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी सहित कवि सम्मेलन जैसे आयोजन भी किए जाएं. इन कार्यक्रमों में किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक कृषि लोकरंग आयोजन की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचायी जाए. कृषि लोकरंग में स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और कृषि आधारित उद्योगों सहित उनके उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाए, जिससे किसानों को बाजार से जोड़ने का अवसर मिल सके. सीएम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को किसान कल्याण वर्ष से जोड़कर सबके हित में साझा प्रयास और साझा गतिविधियां आयोजित की जाएं. कृषि लोकरंग के दौरान प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाए.

स्थानीय निकायों के मेलों के साथ क्लब कर मनाया जाए कृषि लोकरंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रायः सभी अंचलों में स्थानीय निकायों द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले लगाए जाते हैं. कृषि लोकरंग के आयोजन में स्थानीय निकायों के मेलों का भरपूर सहयोग लिया जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज के दौर की बड़ी जरूरत है। प्रदेश में ऐसे नवाचारी किसान, जिन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाकर नई राह चुनी है और फिलहाल बड़ी मात्रा में प्राकृतिक उत्पाद बेचकर अपनी पहचान बनाई है, ऐसे सभी किसानों को गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह में सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए. इसके अलावा ऐसे किसानों के लिए राज्य एवं संभाग स्तर पर भी सम्मान समारोह आयोजित किए जाएं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया दुःख व्यक्त

भोपाल, 10 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़नगर जिला उज्जैन के निकट झलारिया गांव में बोरवेल में गिरे तीन वर्षीय बालक भागीरथ के निधन पर दुःख व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं. राज्य सरकार की ओर से दिवंगत बालक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत बालक की आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है.

नाम परिवर्तन

मैं, करन चौरसिया (Karan Chourasia) आत्मज दुर्गा प्रसाद चौरसिया आयु-वयस्क, हूँ, मेरा अवयस्क पुत्र रूद्रांश चौरसिया (Rudransh Chourasia) है जिसके जन्म प्रमाण पत्र/दस्तावेजों में उसका नाम मानवीर चौरसिया (Manveer Chaurasiya) पुत्र करन चौरसिया (Karan Chaurasiya) दर्ज है किंतु मेरे पुत्र का सही नाम रूद्रांश चौरसिया (Rudransh Chourasia) पुत्र करन चौरसिया (Karan Chourasia) है। अब मैं अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर रूद्रांश चौरसिया (Rudransh Chourasia) पुत्र करन चौरसिया (Karan Chourasia) कराना चाहता हूँ। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना एवं अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

पश्चिम मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है **निविदा सूचना क्र.** : डबल्यूसीआर/सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी/2025/14, **दिनांकः** 08.04.2026, **कार्य का नामः** सडिपुका / भोपाल में वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 दो वर्ष हेतु 3–फेज मेमू कोचों के ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर का ऑयल परीक्षण एवं फिल्ट्रेशन तथा ब्लोअर मोटर की रीवाइंडिंग ब्लोअर फैन (रनर) सहित का कार्य **कार्य की लागत :** Rs. 983639.19/-, **निविदा फार्म का मूल्य :** 0.00, **धरोहर राशि :** Rs. 19,700/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह, **निविदा जमा करने की तिथि :** 30.04.2026 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि :** 30.04.2026 15:00 बजे के उपरांत निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)
कृते मुख्य कारखाना प्रबन्धक
सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना
प.म.रे,निशातपुरा, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

मेले में नृत्य नाटक 'सती लीला' का आज मंचन

सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

भोपाल, 10 अप्रैल. महानगर मेला समिति द्वारा टीटी नगर दशहरा मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन नववर्ष मेला महोत्सव में शनिवार को नृत्य नाटक 'सती लीला' का भव्य मंचन किया जाएगा.

समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि नवीन सिंह श्याम के पुनर्संयोजन में 'सती लीला' के मंचन किया जाएगा. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे. यह नाटक वीर भारत न्यास के सहयोग से प्रस्तुत किया जा रहा है. शुक्रवार को मेले में प्रसिद्ध बैंड

'तनुज़' ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से श्रोताओं झूम उठे. सिंगर तनु सिंह ने दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा, रात बाकी बात बाकी, छलिया छलिया, आओ न गले लगाओ न सॉन्ग पर प्रस्तुति दी. वहीं, सिंगर जयदीप सरकार ने ओ मीना, दे दे प्यार दे के जरिए सिलसिला जारी रखा. सिंगर राजा यादव ने मय से मीना से, मैं हूं प्रेम रोगी, दीपा श्रीवास्तव ने रंभा हो, हाल कैसा है जनाब का और सिंगर मुक्ता प्रखर ने हाये शरमाऊं किस किस को बताऊं की शानदार प्रस्तुति दी. इससे पहले नववर्ष मेला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने तनुजा बैंड के कलाकारों का अभिनंदन किया.

फ्री पास मिलेंगे

मेला समिति के सह संयोजक वैभव सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेले में फ्री पास की सुविधा दी जा रही है और सीएम डॉ मोहन यादव के आगमन के विशेष अवसर पर शनिवार को इन्हें मान्य किया जा रहा है. महासचिव अजय अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, संस्कृति, रोजगार और व्यापार को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है. सह सचिव कमल गर्ग के अनुसार, मेले में समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं

भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस की 07 ट्रिप निरस्त रहेगी

भोपाल. उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते मई 2026 में भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस के 7 ट्रिप निरस्त किए गए हैं. गाड़ी संख्या 14814 भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 मई को नहीं चलेगी. वहीं गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर–भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 और 13 मई को निरस्त रहेगी. रेल प्रशासन ने बताया कि यह कार्य भविष्य में बेहतर सुरक्षा, गति और संचालन सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है. इस दौरान यात्रियों को असुविधा हो सकती है.

अपहृत नाबालिग बालिका बरामद, आरोपी को जेल भेजा

रायसेन, 10 अप्रैल. जिले के देवनगर थाना पुलिस ने अपहृत एक बालिका का बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस के अनुसार 17 मार्च को फरियादी ने थानक में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर ले गया है. पुलिस द्वारा टीम गठित कर लगातार संभावित स्थानों पर तलाश की गई. पुलिस ने बालिका को विदिशा जिले के ग्राम अहमदपुर से सकुशल दस्तयाब किया गया. आरोपी निखिल कुशवाह उर्फ निक्की पिता राजकुमार कुशवाहा (22) निवासी लाइन मोहल्ला देव नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ,जहां से उसे जेल दाखिल किया गया. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया, उपनिरीक्षक मलखान सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक सुधीश गौर, आरक्षक मदन मोहन रघुवंशी, महिला आरक्षक सोनिका की सराहनीय भूमिका रही.

म.प्र. राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था
प्रधान कार्यालय, ऑफिस काम्पलेक्स, गौतम नगर, भोपाल-23
दूरभाष : (कार्या.) 0755-2600860, ई-मेल : mpsscaho@gmail.com, वेबसाइट : www.mpssca.org

निविदा आमंत्रण सूचना

बीज प्रमाणीकरण संस्था के थर्मल ट्रान्सफर प्रिन्टर एवं वेक्स रेजिन रिबन क्रय किये जाना है इस हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डर दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 5.00 बजे से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदायें, ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर निर्धारित तिथि एवं समय पर आमंत्रित हैं।
इस वेबसाइट पर निर्धारित दस्तावेज, जिसमें निर्देश, शर्तें एवं निविदा कार्यक्रम आदि का विस्तृत उल्लेख है, उपलब्ध हैं।
म.प्र. माध्यम/125293/2026 **प्रबंध संचालक**

प्रचार के लिए रचनात्मक कंटेंट क्रिएशन महत्वपूर्ण : मनीष सिंह

भोपाल, 10 अप्रैल. आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह ने कहा है कि जनसंपर्क विभाग में प्रभावी तौर से प्रचार-प्रसार के लिए रचनात्मक कंटेंट क्रिएशन महत्वपूर्ण होता है.

समाचार को प्रभावी बनाने के लिये कंटेट की हर क्षेत्र में मांग है- समाचार, फीचर, आलेख या एडवर्टोरियल जैसे फार्मेट के लिए उपयुक्त कंटेट आवश्यक है. भाषा की विशिष्टता का ध्यान रखना भी आवश्यक है.

प्रेस विज्ञप्तियों की भाषा की अपनी शैली होती है. अधिकारियों को भाषा पर भी विशेष कार्य करना चाहिए. आयुक्त सिंह शुक्रवार को एमसीयू में जनसंपर्क

अधिकारियो का 2 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन-सत्र को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के सभी जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर पर कार्य करने की दिशा में आगे बड़ना चाहिए। इसके साथ ही वित्तीय प्रबंधन बेहतर ढंग से होना चाहिए.

नगर परिषद नागौद की मतदाता सूची का प्रकाशन 7 मई को होगा

भोपाल. मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद नागौद जिला सतना के रिक्त पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिये एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है.

मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 7 मई को होगा. आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 13 अप्रैल को होगा.

खत्री ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

1 करोड़ 71 लाख की लागत से बनेगी सड़क

ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

बैरसिया, 10 अप्रैल. बैरसिया इलाके के ग्राम कलारा में शुक्रवार को 1.55 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक विष्णु खत्री ने किया. इस सड़क का निर्माण 1 करोड़ 71 लाख 33 हजार रुपये की लागत से होगा. आचार्य पंडित मनोज समाधिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन संपन्न कराया गया.

इस मौके पर विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के

विकास की नई राह है. इसके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही व्यापार और शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे.

ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील जाट, जनपद सदस्य नेतराम लोधी, सरपंच देवकरण कुशवाह, पीडब्ल्यूडी एसडीओ घनश्याम सक्सेना सहित अने नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे.

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13(2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के सहपठित है. उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री पद्मजा इंफ्रास्ट्रक्चर श्री रजत माथुर, श्रीमती प्रभा माथुर, श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव (प्रॉस्पेक्ट नं. 771103)	08/04/2026 रुपये 9559085.37 (रु. पिच्यानवे लाख उनसठ हजार पिच्यासी और पैसा सैंतीस मात्र)	वह संपत्ति जो मकान संख्या एचआईजी 07 (बी-सेक्टर), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, राजीव नगर, अयोध्या बायपास रोड, फेज-III, तहसील हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462041 में स्थित है. क्षेत्रफल वर्ग फुट में : संपत्ति का प्रकार : भूमि संपत्ति का क्षेत्रफल : 2324.00 वर्ग फुट

यदि उक्त देनदार आईआईएफएल एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, ब्रांच आफिस -183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल/या कार्पोरेट ऑफिस : आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस-IV, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान : भोपाल
दिनांक : 11.4.2026
प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

राजधानी में हुआ फ्रेंच फिल्म का प्रदर्शन

अभिनेत्री सारा बर्नहार्ड्ट के जीवन पर है आधारित

भोपाल,10 अप्रैल. अलियांस फ्रांसेज, भोपाल में शुक्रवार को फ्रेंच फ़िल्म 'सारा बर्नहार्ड्ट, ला डिवाइन' का प्रदर्शन किया गया. यह आयोजन सिने' क्लासिक और अलियांस फ्रांसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ.

यह फिल्म प्रसिद्ध फ्रेंच रंगमंच अभिनेत्री सारा बर्नहार्ड्ट के जीवन पर आधारित है. उन्हें विश्व रंगमंच की महान कलाकारों में गिना जाता है और पहली वैश्विक सेलिब्रिटी भी माना जाता है. फिल्म में उनके जीवन के कई पहलुओं को दिखाया गया है, जैसे संघर्ष,

सफलता, प्रेम और कला के प्रति उनका समर्पण. इसमें यह भी बताया गया है कि उन्होंने अपने समय की सामाजिक परंपराओं को चुनौती दी और अपनी अलग पहचान बनाई. फ़िल्म केवल एक जीवनी नहीं है, बल्कि यह कला, स्वतंत्रता और व्यक्तित्व जैसे विषयों पर भी सोचने के लिए प्रेरित करती है. यह दर्शाती है कि एक कलाकार अपने दम पर कैसे नई राह बना सकता है और समाज में बदलाव ला सकता है.तकनीकी रूप से भी फिल्म काफी प्रभावशाली रही. सिनेमैटोग्राफी, सेट डिजाइन और वेशभूषा ने 19वीं सदी के फ्रांस के माहौल को जीवंत बना दिया.

चंद्रशेखर जोशी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुआ विलीन

भोपाल, 10 अप्रैल. नर्मदा सेवा समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. चंद्रशेखर जोशी (82) का शुक्रवार को सुभाष विश्राम घाट में अंतिम संस्कार किया गया. मुखाग्नि उनके पुत्र विश्वास जोशी ने दी. इसके पहले उनके श्रीचरणों में भोपाल जिला न्यायालय और बार काउंसिल द्वारा प्रेषित पुष्पचक्र अर्पित किया गया. श्रद्धांजलि सभा में रमेश सराफ पूर्व सचिव नर्मदा सेवा समाज, रत्नेश शर्मा एडवोकेट, प्रमोद शुक्ला सचिव वीएसएम फाउंडेशन, अरुण पाराशर आदि ने स्व. जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की.

पाइप लाइन विवाद में खूनी संघर्ष, युवक की मौत

रायसेन, 10 अप्रैल. रायसेन जिले की बरेली तहसील के ग्राम टिप्पा सेमरी में पानी की पाइपलाइन को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया.

गुरुवार देर रात दो पक्षों के बीच हुए इस विवाद में छत्रपाल सिंह राजपूत नामक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. जानकारी के अनुसार, एक पक्ष द्वारा खेत से जबरन पाइपलाइन निकालने का प्रयास किया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया. देखते ही देखते

मामला हिंसा में बदल गया और आरोपियों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया. हमले में छत्रपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले बरेली सिविल अस्पताल और बाद में भोपाल एम्स रेफर किया गया.जहां उनकी मौत हो गई.

फाइल सं. SCMD-10020/4/2025-SCMD
भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
सतत तटीय प्रबंधन प्रभाग

राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केन्द्र, चेन्नई में निदेशक पद को प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) के आधार पर भरने के संबंध में

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केन्द्र, चेन्नई, जो कि एक पंजीकृत सोसायटी है, में निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद वेतनमान रु. 1,44,200/- - रु. 2,18,200/- (लेवल-14) में हैं.
अधिकतम आयु सीमा आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार 58 वर्ष है.
2. पात्रता, कार्य दायित्वों तथा आवेदन प्रस्तुत करने के निर्धारित प्रारूप के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.gov.in या www.ncscm.res.in पर देखें.
3. आवेदन पत्र, रोजगार समाचार में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर भेजा जाए :-

उप सचिव
सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट डिवीजन
202, वायु विंग
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग
नई दिल्ली-110003
ई-मेल : scmd-moefcc@gov.in

सीबीसी-13101/11/0027/2526

गेहूं उपार्जन | इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम में खरीदी शुरू, बाकी में 15 से होगी

मप्र में दो दिन में 22521 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 अप्रैल. प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दो दिन में 5220 किसानों से 22 हजार 521 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है.

बाकी संभागों में 15 अप्रैल से गेहूं का उपार्जन शुरू किया जायेगा. अभी तक एक लाख 48 हजार 247 किसानों द्वारा 6 लाख 74 हजार 290 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं. गेहूं खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किए जा चुके हैं. किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है. गेहूं के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है. उपार्जित गेहूं को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है. समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है. प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है. विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था. इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है.

प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध : मंत्री राजपूत

भोपाल. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है. प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्इवाई की जा रही है, अभी तक 2864 स्थानों पर जांच की गई, 4283 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई. प्रदेश के 736 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है. इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है. प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं.

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, विदिशा (म.प्र.)
टेलीफोन नं.- 07592-250663, मेल आईडी- eephvid@mp.nic.in
निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 01/नि.प्र./लोस्वायां/खंड विदिशा/2026-27 **विदिशा, दिनांक 9/4/2026**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं. निविदा प्रपत्र दिनांक 23/4/2026 को सायं 17.30 बजे तक क्रय/ डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं. निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है.

स. क्र.	टेंडर आईडी क्रमांक	कार्य	अनुमानित लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2026_PHED_498809_1	विदिशा जिले के विकासखंड कुरवाई के 205 ग्रामों में स्थापित लगभग 1750 हैंडपंपों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग क्लोरीनेशन, जल नमूनों का संकलन एवं अन्य संबंधित संधारण के कार्य.	50,43,500	50,435	10,000	02 वर्ष वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार
2.	2026_PHED_498829_1	विदिशा जिले के विकासखंड ग्यारसपुर के ग्रामों में स्थापित हैंडपंपों के ग्रामों में स्थापित हैंडपंपों के वृहद एवं लघु सुधार कार्य में आवश्यक मजदूरी घटक का कार्य.	30,72,500	50,000	5,000	02 वर्ष वर्षा ऋतु सहित	

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खंड विदिशा म.प्र.

G11320/26